मान्यवर, स्वर्गीय महामहिम उप राष्ट्रपति श्री कृष्णकांत जी और स्वर्गीय महामहिम उपराष्ट्रपति के पद पर रह चुके श्री बी० डी० जत्ती जी के लिए जो दुःख माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने, माननीय नेता भारतीय जनता पार्टी ने, माननीय नेता राष्ट्रीय लोकदल ने व्यक्त किये हैं मैं उनके साथ अपने और अपने दल के विचारों को सम्बद्ध करता हूं। इन दो महान विभूतियों के उठ जाने से हम सब दुःखी हैं, देश की बड़ी भारी क्षति हुई है। जो पुरानी पीढ़ी है जिसने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी एक-एक करके धीरे-धीरे समाप्ति की ओर जा रही है। वह एक ऐसी पीढ़ी रही है जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देने में सक्षम है। श्री कृष्णकांत जी से मेरी मुलाकात एक बार हुई थी। मुझे याद है कि एक बार उन्होंने हमको केवल 20 मिनट का समय निर्धारित किया था लेकिन वार्ता कुछ और प्रारम्भ हो गयी कुछ हमारी ओर से कुछ उनकी ओर से कि वार्ता में 20 मिनट के बजाय 1 घण्टा 20 मिनट का समय हमें मिला। इससे यह छाप पड़ती है कि वह एक सफल राजनेता ही नहीं बल्कि एक श्रेष्ठ स्तर के साहित्यविद् थे। और इससे भी ऊपर, उनके अन्दर जो दर्शन देखने को मिला, वह अध्यात्म की नीतियों तक मिला।

ऐसे व्यक्ति कम होते हैं, जिनके अन्दर एक साथ कई-कई गुण होते हैं, वह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे, प्रतिभाशाली थे, देश की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया, देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। अपने व्यवहार से कहिये, अपने सरल व्यक्तित्व से कहिये, जो भी उनके सानिध्य में आता था, वह बिना प्रभावित हुए नहीं लौटा होगा। उनके निधन के बाद जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसका भरा जाना अगर असंभव नहीं है तो भी कठिन बहुत है। मैं अपनी ओर से अपने दल की ओर से श्री कृष्णकांत जी के प्रति बड़े आदर के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी यह श्रद्धांजलि उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

इसी कड़ी में स्वर्गीय बी० डी० जत्ती जी, उनके बारे में जैसा प्रमोद जी ने कहा, वह नगरपालिका वार्ड से चुनकर उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचे और कुछ समय के लिए राष्ट्रपति के पद पर भी काम किया। निश्चित तौर पर नई पीढ़ी के लिए यह प्रेरणाप्रद बात होगी, इससे सिद्ध हो गया "क्रिया सिद्धि भवति सत्वे, भोपकरणे" अर्थात् जो बड़े लोग होते हैं; उनकी क्रियाओं की सफलता, उनके पौरुष के

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया।

आधार पर होती है, सिद्धि के आधार पर नहीं । यह बात श्री जत्ती साहब के व्यक्तित्व से सिद्ध हो जाती है । मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से स्वर्गीय जत्ती जी के प्रति शोक संवेदनायें व्यक्त करता हूं और अपनी तथा अपने दल की श्रद्धांजलि देता हूं । आपसे प्रार्थना करता हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी संवेदनायें पहुंचाने की आप कृपा करें ।

*श्री राम स्वरूप सिंह (बिजनौर)–

माननीय अध्यक्ष जी, श्री कृष्णकांत, उपराष्ट्रपति जी के विषय में जो शोक संवेदनायें नेता सदन, नेता विरोधी दल, नेता कांग्रेस आई, भाजपा और लोकदल, राष्ट्रीय क्रान्ति दल ने व्यक्त की हैं, उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं । श्री कृष्णकांत जी का राष्ट्रीय आन्दोलन के बहुत बड़े क्रान्तिकारी प्रहरी के रूप में देश को आजाद कराने में बहुत बड़ा योगदान रहा । देश के आजाद होने के बाद भी वह राजनीति में सक्रिय रहे और उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचते हुए देश की जो सेवायें कीं, वह याद रहेंगी । वह ऐसे होनहार उपराष्ट्रपति थे, जो परिस्थितियों की मझधार में राष्ट्रपति नहीं बन पाये, इसका मुझे बड़ा दुख है । मैं आपसे अपील करता हूं, आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरी और मेरे दल की शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करेंगे ।

आदरणीय अध्यक्ष जी, श्री बी० डी० जत्ती, पूर्व उपराष्ट्रपति भारत के विषय में जो सभी दलों के नेताओं ने शोक संवेदनायें व्यक्त की हैं, उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं और अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । आपसे अपील करता हूं कि दोनों नेताओं ने देश के राष्ट्रीय आन्दोलन में जो योगदान दिया है, वह ऐतिहासिक रूप में यादगार रहेगा और आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और वह इस रास्ते पर चलने का प्रयास करेंगे ऐसी मेरी पूर्ण आशा है । मैं आपसे अपील करता हूं कि मेरे और मेरे दल की ओर से उनके शोक संतप्त परिवार तक शोक संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री श्याम सुन्दर शर्मा–

माननीय अध्यक्ष जी, आदरणीय महामहिम उप राष्ट्रपति श्री कृष्ण कान्त का निधन 27 जुलाई, 2002 को हो गया । इस सन्दर्भ में नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता भारतीय जनता पार्टी, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेता भारतीय राष्ट्रीय लोकदल एवं अन्य दलों के नेताओं ने जो विचारों की अभिव्यक्ति की हैं, मैं भी उनसे अपने विचारों को सम्बद्ध करता हूं । जहां तक इस महान देश भक्त के बारे में जो विचार आये हैं, वे महान शिक्षाविद, महान संसद विद, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे उनके निधन से एक अपूर्णीय क्षति हुई है । आज सारा राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है । मान्यवर, मेरा आपसे आग्रह है कि मेरे और मेरे दल की ओर से उनके शोक संतप्त परिवार तक शोक संवेदनाएं पहुंचाने का कष्ट करें।

इसी संदर्भ में स्वर्गीय श्री बी० डी० जत्ती जी, जो उपराष्ट्रपति रहे हैं, उनके बारे में जो विचार दलीय नेताओं ने व्यक्त किये हैं, मैं भी उनसे अपने विचारों को सम्बद्ध करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और आप से अनुरोध है कि उनके परिवार तक शोक संवेदनायें पहुंचाने का कष्ट करें ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

श्री शंख लाल मांझी–

मान्यवर, परतन्त्र भारत में जन्म लेकर और स्वतंत्र भारत में उच्च और सर्वोच्च कुर्सी तक पहुंचने वाले महान नेताओं के दिवंगत होने के उपलक्ष में नेता प्रतिपक्ष, नेता भारतीय जनता पार्टी, नेता लोकतांत्रिक कांग्रेस, नेता राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी, नेता जनता पार्टी, नेता कांग्रेस पार्टी और अन्य नेताओं ने जो शोक संवेदना व्यक्त की है, उनके विचारों के साथ मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं। मैं अपनी और अपने दल की ओर से इन महान विभूतियों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मान्यवर, बी० डी० जत्ती साहब का जन्म बीजापुर जिले में सवाल्गी गांव में हुआ था। आपने बी० ए०, एल० एल० बी० करने के बाद नगर पार्षद के रूप में अपने राजनैतिक कैरियर की शुरुआत की। महाराष्ट्र में तत्कालीन बम्बई सरकार में मुख्य मंत्री के संसदीय सचिव के रूप में उन्होंने काम किया, तत्कालीन मैसूर राज्य के मुख्य मंत्री तथा भूमि सुधार समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने समाज में दबे-कुचले लोगों और भूमिहीनों के उत्थान के लिए काफी योगदान किया था। उन्होंने उप राष्ट्रपति और 1977 में कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में भी देश की सेवा की। भगवान उनकी आत्मा को शन्ति प्रदान करे। मैं अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से शोक-संवेदनायें व्यक्त करता हूं।

माननीय कृष्ण कान्त जी जिनका जन्म पंजाब के तरन-तारन जिले में हुआ था। उन्होंने देश की आजादी के आन्दोलन में सक्रिय योगदान किया था। वह जेल भी गये थे और देश को आजाद कराने से लेकर के आजाद भारत में देश की सर्वोच्च कुर्सी उप राष्ट्रपति तक पहुंचे थे। तमाम भूमि सुधार, महिला अधिकार के प्रति इन तमाम सुधारों के लिए उन्होंने विशेष योगदान किया था। ऐसी महान विभूतियां आज हमारे बीच में नहीं हैं। इस सदन के माध्यम से मैं आपसे गुजारिश करता हूं, निवेदन करता हूं कि हम सभी की गहरी शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

* श्री राम गोविन्द चौधरी–

माननीय अध्यक्ष जी, भारत के उपराष्ट्रपति कृष्णकांत तथा पूर्व उपराष्ट्रपति बी० डी० जत्ती के प्रति शोक संवेदनायें जो माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल, माननीय नेता भारतीय जनता पार्टी, माननीय नेता कांग्रेस आई, माननीय नेता राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी तथा अन्य दल के नेताओं ने जो शोक संवेदनाएं व्यक्त की है, उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं माननीय स्वर्गीय कृष्णकान्त जी का हम लोगों से विशेष लगाव था। वह हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता भी रहे और 1977 से लगातर हम लोगों के सम्पर्क में रहे। ऐसे एक महान राजनीतिक व्यक्तित्व वाले व्यक्ति, समाज सुधारक, उच्च कोटि के बुद्धिजीवी हमारे बीच में नहीं रहे। इससे देश को बड़ा ही नुकसान हुआ राजनीति के उच्च मान्य सिद्धान्तों को अपना कर ये लोग समाज को एक सच्चा रास्ता दिखलाने का काम किया। आजीवन साधारण व्यक्ति की तरह रहन-सहन के अलावा राजनीतिक उलझनों में उनका समाधान का रास्ता निकालना तथा सत्ता पक्ष के अन्यायपूर्ण कार्यों का विरोध करना उनके जीवन का अंग रहा। कृष्ण कान्त जी हमेशा सादा जीवन व्यतीत किये और उन्होंने राजनीति में आजादी की लड़ाई के समय से ही प्रवेश

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया।

करके उप राष्ट्रपति के उच्च पद पर पहुंच करके भी ऐसी सादगी भरी जिन्दगी जी थी और इसे कभी भी नहीं छोड़ा । इसी प्रकार बी० डी० जत्ती जी एक उच्च कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में प्रवेश करके महामहिम राज्यपाल, मुख्य मंत्री तथा मंत्री के रूप में उन्होंने देश की सेवा की है, वह अविस्मरणीय रहेगा।

इन दोनों महान नेताओं के हमारे बीच से चले जाने के कारण देश की राजनीतिक परिस्थितियों में शून्यता सी महसूस की जाएगी । मैं इस अवसर पर अपनी तरफ से तथा अपने दल की तरफ से स्वर्गीय श्री कृष्ण कान्त तथा स्वर्गीय श्री बी० डी० जत्ती जी को अपने तथा अपनी पार्टी की तरफ से शोक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी शोक संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री संजय गर्ग–

माननीय अध्यक्ष जी, महामहिम उप राष्ट्रपति श्री कृष्ण कान्त जी और पूर्व उप राष्ट्रपति श्रद्धेय श्री बी० डी० जत्ती जी के निधन पर यहां पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल, माननीय नेता भारतीय जनता पार्टी, एवं मा० नेता राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी, माननीय नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, माननीय नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, माननीय नेता समाजवादी जनता पार्टी तथा अन्य दलों ने जो अपने विचार रखे हैं, उनसे सम्बद्ध करते हुए मैं इन दोनों महान नेताओं को भावभीनी व शोक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा महामहिम श्रद्धेय कृष्णकान्त जी जिनका देहान्त उप राष्ट्रपति रहते 27 जुलाई, 2002 को हुआ था, जिनकी आयु मात्र 75 वर्ष थी । एक समाजवादी चिन्तक के रूप में जिन्होंने भारत की आजादी के आन्दोलन में सक्रिय भूमिका अदा की थी ।

भारत छोड़ों आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाकर गांधी जी के नेतृत्व में न जाने कितनी बार जेल भी गये । वह एक प्रखर समाजवादी चिन्तक थे । उन्होंने मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ी, भूमि सुधार के प्रति उनकी चिन्ता थी, महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को विभिन्न मंचों पर रखने का काम किया । वह 1990-97 तक आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल भी रहे उसके बाद स्वस्थ संसदीय परम्पराओं की एक मिसाल राज्य सभा में कायम करने का काम किया । ऐसे महान नेता के असामायिक निधन पर पूरा राष्ट्र इस महान क्षति को कभी भर नहीं पायेगा । आपकी उर्दू कविता के प्रति भी विशेष रुचि थी जो विभिन्न अवसरों पर विचारों की अभिव्यक्ति के रूप में सामने आयी है ।

इसके साथ ही पूर्व उपराष्ट्रपति श्री बी०डी० जत्ती का निधन 7 जून, 2002 को बैंगलौर में हो गया । आपकी आयु 90 वर्ष की थी । उन्होंने विभिन्न पदों पर रहकर राष्ट्र की सेवा की । वे पूर्ववर्ती जामखंडी रियासत के विधान मण्डल के सदस्य तथा तीन वर्षों तक जामखंडी राज्य के मुख्य मंत्री रहे । वे तत्कालीन बम्बई राज्य सरकार के मुख्य मंत्री के संसदीय सचिव रहे । विभिन्न पदों पर रहने के बाद मैसूर राज्य के मुख्य मंत्री पद पर भी रहकर इस राष्ट्र की खिदमत की । इसके साथ ही 31 अगस्त, 1974 से 30 अगस्त, 1979 तक भारत के उप राष्ट्रपति पद पर रहे । इन दोनों महान नेताओं के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक संतप्त है, नतमस्तक है । मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इन दोनों पवित्र आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें । मान्यवर, मैं आग्रह करता हूं कि मेरी और मेरे दल की शोक-संवेदनायें उन महान नेताओं के परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें । ॐ शान्ति ।

*श्री महबूब अली–

माननीय अध्यक्ष जी, स्वर्गीय श्री कृष्णकान्त जी जो इस देश के उपराष्ट्रपति रहे तथा स्वर्गीय श्री बी०डी० जत्ती जी जो इस देश के उप राष्ट्रपति रहते हुए देश की सर्वोच्च कुर्सी पर भी विराजमान रहे। उनके प्रति जो विचार माननीया नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेता जनता दल, नेता कम्युनिस्ट पार्टी तथा दूसरे जिलों के नेताओं ने व्यक्त किये हैं, उससे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं। स्व० कृष्णकांत जी ने जिस तरह से देश की सेवा की उससे इस सदन को प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही हमें इस बात का गर्व है कि पंजाब में रहते हुए भी उन्होंने हमारे प्रदेश में शिक्षा प्राप्त कर इस देश का गौरव बढ़ाया है।

स्वर्गीय बी०डी० जत्ती जी मैसूर राज्य के मुख्य मंत्री, पांडिचेरी के उप राज्यपाल, उड़ीसा राज्य के राज्यपाल, उपराष्ट्रपति, कार्यवाहक राष्ट्रपति रहते हुए एक लम्बी आयु तक देश की सेवा की। आजादी की लड़ाई से लेकर देश के विकास के लिए जो काम किया है उसकी भरपाई करना मुश्किल है। आज उनके विचारों और कार्यों से देश का विकास हुआ है। हम सभी सम्मानित साथियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष जी, मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरी ओर से तथा मेरे दल की ओर से शोक-संवेदनायें उनके परिवार तक भेजने का कष्ट करें।

डा० राधा मोहन दास अग्रवाल–

माननीय अध्यक्ष जी, स्वर्गीय बी०डी० जत्ती जो इस देश के उपराष्ट्रपति तथा कार्यवाहक राष्ट्रपति रहे हैं उनके प्रति जो विचार हमारे माननीय नेताओं ने व्यक्त किये हैं उससे अपने को जोड़ता हूं। उप राष्ट्रपति कृष्णकान्त जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करूंगा। व्यक्ति की पहचान पैदा कब हुआ और उसकी मृत्यु कब हुई, से नहीं होती है, पहचान तो यह होती है कि उसके विचार क्या थे और उन विचारों पर दृढ़तापूर्वक चलकर कितना जीवन जिया।

माननीय कृष्णकान्त जी के साथ हम लोगों, माननीय चन्द्रशेखर और माननीय रामधन जी ने काम किया है उनको हम लोग बहुत नजदीक से जानते थे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहते हुये उनके जो लेख लगातार छपते रहे, मेन स्ट्रीम में हुये एप्रोच पेपर कंसेंशियल नेशनलिज्म एवं सेक्यूलरिज्म में अगर उनको पढ़ा जाय तो यह पता चलता है कि उनके विचार राष्ट्रीय संदर्भ में क्या थे ? जब बंगाल का बंटवारा हुआ तो वह दुखी हुये। जब 1947 में यह देश बंटा उस समय हमारी राष्ट्रीय भावना कमजोर थी और हम इस बंटवारे को रोक नहीं पाये। आज की राजनीतिक व्यवस्था में जो समस्यायें आयी हैं उनसे स्वर्गीय कृष्णकान्त जी दुखी थे। उनका कहना था कि हमने पाश्चात्य आधारित लोकतंत्र को अपनाया है जो हमारे बाहुल समुदाय, बहुजातीय देश के लिये उचित नहीं है। हमारी निर्वाचन प्रक्रिया ऐसी है कि एक मत एक्सट्रा यदि कोई पा जाता है तो वह विजेता कहा जाता है। माननीय कृष्णकान्त जी का कहना था कि यह फर्स्ट पास्ट द पोस्ट का कांसेप्ट आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये ठीक नहीं है। उनका लोकतंत्र का कांसेप्ट, उनकी अवधारणा नकारात्मक मत की थी। उनका मत था कि जब तक नकारात्मक मत को अवधारणा को नहीं अपनाया जायेगा तब तक लोकतंत्र इस प्रकार की समस्याओं से ग्रसित रहेगा। जनता को नकारात्मक मत देने का अधिकार देने की प्रक्रिया को अपने संविधान से जोड़ना होगा। 4-5 दिन पहले निर्वाचन आयोग ने भी माननीय कृष्णकान्त जी के नकारात्मक मत की

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

अवधारणा पर ध्यान दिया है। इसलिये ऐसे महान व्यक्ति के विचारों को स्वीकार करना चाहिये। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति दे। सदन में व्यक्त विचारों से अपने को संबद्ध करते हुये मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।

* श्री दीनानाथ कुशवाहा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और माननीय नेता कांग्रेस और माननीय नेता भारतीय जनता पार्टी के विचारों से मैं अपने को जोड़ते हुये माननीय कृष्णकान्त जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय एक ऐसा समय था जब सार्वजनिक जीवन में गिरावट आयी थी और आज से 2 साल पहले जब प्रदेश की राजधानी में माननीय कृष्णकान्त जी उप राष्ट्रपति होकर आये थे और उन्होंने इस संबंध में टिप्पणी की थी, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में "सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर विधायी नियंत्रण" का जो सेमिनार हुआ था उसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजधानी में आये थे और उन्होंने टिप्पणी की थी कि आज हमारी सार्वजनिक जीवन इतना गिर गया है, चूंकि आज माननीय कृष्णकान्त जी के प्रति हम अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं इसलिये उन बातों में न जाकर मैं कहना चाहता हूं कि 26 जून, 1975 को इस देश में आपात स्थिति की घोषणा की गयी थी तो श्री चन्द्रशेखर, श्री रामधन, श्री मोहन धारिया और श्री कृष्णकान्त जी ने कांग्रेस पार्टी में रहते हुये उन नीतियों का विरोध करते रहे और लगातार 22 महीने की आपात स्थिति के दौरान मीसा और डी०आई०आर० के अन्तर्गत जेलों में जाने का काम किया। जब हम इतिहास के पन्नों को उलट कर देखते हैं। हमारे देश में ऐसे विचारक आए हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अपने विचारों से देश को और प्रदेश को नई दिशा देने का काम किया वे ऐसे विचारकों में श्री कृष्णकान्त जी थे उनके विचार हमारे लिए अनुकरणीय हैं हमें अपने सार्वजनिक जीवन में उनके विचारों को उतारना चाहिए. विचार से बढ़कर हिन्दुस्तान में ही नहीं दुनिया के किसी मुल्क में कोई बड़ा नहीं होता है। इसलिये उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। उस क्षति को हम लम्बे समय तक नहीं भर सकते हैं। अध्यक्ष महोदय हम आज इस सदन में दो महान विभूतियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। श्री बी०डी० जत्ती 1974 से लेकर 1979 तक उपराष्ट्रपति रहे ऐसा समय भी आया तब श्री फखरुद्दीन अली अहमद जो राष्ट्रपति थे उनके निधन पर श्री बी०डी० जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति भी रहे। उनके निधन पर हम सब दुखी हैं दो महान विभूतियां जो आज इस दुनियां में नहीं हैं। उनके विचार हमारे लिए अनुकरणीय हैं। ऐसे कुशल राजनीतिज्ञ और विचारकों के निधन पर मैं गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे अनुरोध है कि शोक संतप्त परिवार तक हमारी और हमारे दल की शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष–

भारत के उपराष्ट्रपति कृष्णकान्त जी एवं पूर्व उप राष्ट्रपति श्री बासप्पा दानप्पा जत्ती के निधन के अवसर पर इस सदन में माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य दलों के माननीय नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं। दिनांक 27 जुलाई, 2002 को एकाएक जब आकाशवाणी और दूरदर्शन पर यह समाचार प्रसारित हुआ कि उपराष्ट्रपति श्री कृष्णकान्त जी का निधन हो गया है तो सारा देश शोक की लहर में डूब गया। हम सबको स्तब्ध करने वाला यह

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

समाचार था । किसी ने यह नहीं सोचा था कि इतने शीघ्र ही हमें उनके संसदीय राजनीतिक जीवन और प्रशासनिक अनुभवों का लाभ नहीं मिल सकेगा व हम उससे वंचित हो जायेंगे । इस सदन के बहुत से ऐसे सदस्य होंगे जो श्री कृष्णकान्त जी से व्यक्तिगत रूप से परिचित होंगे । कुछ साहित्यिक समारोहों में व कुछ गोष्ठियों में मेरी भी उनसे व्यक्तिगत मुलाकात हुई थी मैंने देखा कि बहुत ही सौम्य, बहुत ही प्रतिभावान, समस्याओं पर गहरी व पैनी दृष्टि रखने वाले व्यक्ति श्री कृष्णकान्त जी थे मैंने कभी भी उनको उत्तेजित होते नहीं देखा । अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने बहुत ही कुशलतापूर्वक राज्य सभा की कार्यवाही का संचालन भी किया । मुझे स्मरण है कि जब युवा तुर्क के रूप में प्रसिद्ध नेता के रूप में वह देश में प्रख्यात थे और इस देश के नौजवान मार्गदर्शन हेतु उनकी ओर दृष्टि लगाए रहते थे । उन्होंने कभी अपने दायित्व से मुकरने का प्रयास नहीं किया । उनके निधन से हम सब दुखी हैं । एक बहुत ही कुशल समाजसेवी राजनीतिज्ञ और सांसद हमने खो दिया है ।

पूर्व उप राष्ट्रपति श्री बी०डी० जत्ती अपने सरल और मृदु स्वभाव के कारण विख्यात थे । लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रथम सोपान से उठकर उप राष्ट्रपति के पद पर जाना कोई साधारण बात नहीं थी । लेकिन अपनी निष्ठा से अपने समर्पण के भाव से व न केवल देश के उपराष्ट्रपति हुए वरन कुछ समय तक उन्होंने राष्ट्रपति के पद का भी कार्यभार संभाला । उनके निधन से हम सब दुखी हैं । इस सदन में दो माननीय नेताओं के प्रति जो शोकोद्गार व्यक्त किये गये हैं वह मैं उनके परिवार तक पहुंचा दूंगा अपनी ओर से मैं भी श्रद्धासुमन व इस सदन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं । आपसे अनुरोध है कि उनको श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन धारण करें ।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए)

विधान सभा के भूतपूर्व सदस्यगण श्री राम चन्दर, श्री विष्णु दयाल वर्मा, श्री राम प्यारे शुक्ल, श्री कन्हैया लाल सोनकर, श्री शिव कुमार पाण्डेय, श्री नगीना सिंह, श्री राम सिंह चौहान, श्री मोहम्मद मसूद खां, तथा श्री हरिपाल सिंह शास्त्री के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष–

दिनांक 24 अप्रैल, 2002 से लेकर दिनांक 2 अगस्त, 2002 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के 9 भूतपूर्व सदस्यों का निधन हो गया । विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रामचन्द्र का 24 अप्रैल, 2002 को निधन हो गया । वे लगभग 77 वर्ष के थे । उनका जन्म 1 जून, 1925 को ग्राम मलोखर, तत्कालीन जिला वाराणसी में हुआ था । वे 1980 तथा 1985 के सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र मुगलसराय, जिला वाराणसी से कांग्रेस (आई०) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे एक कुशल राजनीतिज्ञ थे तथा वे सदैव कांग्रेस पार्टी से सम्बद्ध रहे । वे जिला परिषद् मुगलसराय के सदस्य, ग्राम सभा मलोखर के प्रधान, नियमताबाद ब्लाक के ब्लाक प्रमुख, साधन सहकारी समिति, मुगलसराय तथा सहकारी संघ, मुगलसराय के अध्यक्ष आदि पदों पर आसीन रह चुके थे । वे ब्लाक कांग्रेस कमेटी (आई०) नियमताबाद के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के उपाध्यक्ष भी रहे थे ? संगठन एवं जनसेवा में उनकी विशेष रुचि थी । श्री राम चन्दर के निधन से जनपद चन्दौली ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है ।

विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री विष्णु दयाल वर्मा का 83 वर्ष की आयु में 13 मई, 2002 को हृदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया । इनका जन्म 2 जनवरी, 1919 को हुआ था । इन्होंने एम० ए०, एल० टी० तक शिक्षा ग्रहण की थी । वे सर्वप्रथम 1952 में प्रजा समाजवादी दल के सदस्य के रूप

में विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । इसके बाद 1980 में निर्वाचन क्षेत्र जसराना, तत्कालीन जिला मैनपुरी से कांग्रेस (आई०) के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । श्री वर्मा राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लेने के फलस्वरूप मैनपुरी तथा एटा कारावास में बन्दी रहे । वे प्रधानाचार्य एवं संस्थापक, लोक राष्ट्रीय इण्टर कालेज, जसराना, उप प्रधान जिला आर्य समाज सभा एवं प्रधान तथा महासचिव लोधी क्षत्रिय महासभा आदि पदों पर रह चुके थे । उन्होंने "भारतीय इतिहास के अपेक्षित पृष्ठ" नामक पुस्तक प्रकाशित करायी । कृषि एवं शिक्षा संबंधी विषयों में उनकी विशेष रुचि थी । श्री वर्मा के निधन के बाद जनपद फिरोजाबाद ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है ।

उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व सदस्य श्री राम प्यारे शुक्ल का 75 वर्ष की आयु में दिनांक 24 मई, 2002 की रात्रि में निधन हो गया । इनका जन्म 4 जनवरी, 1927 को हुआ था । इन्होंने स्नातकोत्तर, एल० एल० बी० तक शिक्षा ग्रहण की थी । वे सर्वप्रथम 1967 में निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर से जनसंघ के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । तत्पश्चात् वर्ष 1969 तथा 1991 में पुनः विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । श्री शुक्ल ने वर्ष 1954 से दीवानी कचहरी सुल्तानपुर में वकालत प्रारम्भ की थी । वे वर्ष 1983 से 1989 तक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति रहे । एक निष्पक्ष न्यायाधीश की भूमिका उन्होंने पूरी तरह निभाई वह अधिवक्ताओं में बहुत लोकप्रिय रहे । वह वर्ष 1984 से 1989 तक के बीच में जिला आगरा, अलीगढ़, मथुरा, मैनपुरी, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद के प्रशासनिक न्यायाधीश रहे । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सभापति रहे एवं जिले के अनेक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के सदस्य तथा बार एसोसियेशन, सुल्तानपुर के लगातार तीन बार अध्यक्ष रहे । उनके निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ, समाजसेवी एवं न्यायविद खो दिया है ।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री कन्हैया लाल सोनकर का निधन 29 मई, 2002 को हो गया उनकी अवस्था 70 वर्ष की थी । इनका जन्म 24 अगस्त, 1932 को इलाहाबाद में हुआ था । उन्होंने सिटी ए० वी० इण्टरमीडिएट कालेज, इलाहाबाद में शिक्षा ग्रहण की थी । श्री सोनकर जी 1969, 74, 77 निर्वाचन क्षेत्र चायल, जिला इलाहाबाद से जनसंघ पार्टी, कांग्रेस पार्टी तथा जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । श्री कन्हैया लाल सोनकर एक योग्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता थे । वह इलाहाबाद जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, अखिल भारतीय खटिक महासभा के महामंत्री, श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति के सदस्य तथा केन्द्रीय कारागार प्रोबेशन बोर्ड के सदस्य रहे । वे इलाहाबाद जिले की कई सामाजिक सांस्कृतिक तथा शैक्षिक संस्थाओं अथवा समितियों के संरक्षक या संयोजक भी रहे । जन सेवा तथा साधु-सन्तों के बीच सत्संग में उनकी विशेष रुचि थी । इनके निधन से जनपद इलाहाबाद ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है ।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री शिव कुमार पाण्डेय का निधन लगभग 78 वर्ष की अवस्था में हो गया । श्री शिव कुमार पाण्डेय का जन्म 24 मार्च, 1924 को जिला सुल्तानपुर में हुआ था उन्होंने वर्नाक्यूलर मिडिल तथा वैद्य विशारद की शिक्षा ग्रहण की थी वह 1969 तथा 1974 में निर्वाचन क्षेत्र जयसिंहपुर, जिला सुल्तानपुर से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री शिव कुमार पाण्डेय एक जुझारू एवं संघर्षशील स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ ही एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समर्पित जनसेवी थे । वह स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में कई बार जेल भी गये, वह ग्राम

सभा के प्रधान, न्याय पंचायत के सरपंच, सहकारी संघ के प्रबन्ध संचालक जिला बोर्ड तथा जिला परिषद् के सदस्य तथा ब्लाक प्रमुख आदि विभिन्न पदों पर रह चुके थे। शिक्षा, कृषि और सार्वजनिक निर्माण कार्यों से उन्हें प्रेम था। उनके निधन से जनपद सुल्तानपुर ने एक कुशल राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री नगीना सिंह का 13 जून, 2002 को लगभग 86 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। श्री नगीना सिंह जी का जन्म 1916 में ग्राम कथरिया, जिला बलिया में हुआ था, उन्होंने बी० ए० तक शिक्षा ग्रहण की थी। यह 1969 में निर्वाचन क्षेत्र कोपाचीट, जिला बलिया से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह 1952 से 1957 तक लोक सभा के सदस्य भी रहे। श्री नगीना सिंह ने विद्यार्थी जीवन में स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। 1945 में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य के रूप में रहे। कई आन्दोलनों में उन्होंने भाग लिया। वह बलिया जिला संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय महासमिति के डेलीगेट रहे। वह श्री कमलापति त्रिपाठी मंत्रिमण्डल में राज्य मंत्री रहे। संगीत बागवानी तथा धार्मिक ग्रन्थों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री नगीना सिंह के निधन से जनपद बलिया ने एक कुशल राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राम सिंह चौहान का निधन आगरा में 15 जून, 2002 को 91 वर्ष की अवस्था में हो गया। इनका जन्म 3 दिसम्बर, 1911 को हुआ था। श्री राम सिंह चौहान वर्ष 1957 में निर्वाचन क्षेत्र एतमादपुर, जिला आगरा से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। यह एक सक्रिय एवं जुझारू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थी। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई जिसके फलस्वरूप यह कई बार जेल गये। वह समाजवादी नेताओं श्री जय प्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्र देव एवं डा० राम मनोहर लोहिया आदि के निकट रहे उन्होंने आजीवन समाजवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार किया। उनके निधन से जनपद आगरा ने एक कुशल राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मोहम्मद मसूद खां का निधन 3 जुलाई, 2002 को दिल्ली में एक सड़क दुर्घटना में हो गया वह लगभग 74 वर्ष के थे। इनका जन्म 1 जुलाई, 1928 को ग्राम नोनारी, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने बी० ए०, एल-एल० बी० तक शिक्षा ग्रहण की थी। मोहम्मद मसूद खां 1974 में निर्वाचन क्षेत्र निजामाबाद, जिला आजमगढ़ से भारतीय क्रान्ति दल के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। तत्पश्चात् वह वर्ष 1977 एवं 1985 में पुनः विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए। वह 7 जुलाई, 1998 को उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए। उन्होंने राज्य सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। श्री मोहम्मद मसूद खां के राजनीतिक जीवन की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम के समय छात्र जीवन में जमेतुल उलुमा शाखा के अध्यक्ष से हुई। वह डी० आई० आर० और मीसा के अन्तर्गत अनेक बार जेल गये। इनकी पहचान एक ईमानदार एवं धर्मनिरपेक्ष किसान नेता के रूप में थी। वह श्री राम नरेश यादव मंत्रि मण्डल एवं श्री बनारसी दास मंत्रिमण्डल में मंत्री पद पर रह चुके थे। वह कई सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से सम्बद्ध रहे। वह राष्ट्रीय लोकदल की राज्य संचालन समिति के अध्यक्ष रहे।

इनके निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री हरिपाल सिंह शास्त्री का 02 अगस्त, 2002 को निधन हो गया । वे लगभग 77 वर्ष के थे । श्री हरिपाल सिंह शास्त्री का जन्म 13 मई, 1925 को हुआ था । वे व्याकरणाचार्य, आयुर्वेद भाष्कर तथा सिद्धान्त शास्त्री थे । श्री हरिपाल सिंह शास्त्री वर्ष 1977 के सामान्य निर्वाचन क्षेत्र धामपुर, जिला बिजनौर से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे । श्री हरिपाल सिंह शास्त्री शुरू से ही राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे थे । वे 1959 से 1974 तक जिला सहकारी बैंक के प्रबन्ध संचालक एवं अध्यक्ष, 1967 में उत्तर प्रदेश सहकारी संघ के संचालक, बिजनौर जिला सहकारी संघ के 1960 से 1965 तक संचालक एवं उपाध्यक्ष रहे । वे जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष, क्रशर ओनर्स एसोसियेशन के महामंत्री एवं अध्यक्ष तथा अनेक शिक्षण संस्थाओं के सदस्य अथवा प्रबन्ध समिति में रह चुके थे । वे 1944 से 1967 तक जनसंघ के जिला मंत्री तथा 1970 से 1977 तक कांग्रेस के जिला महामंत्री रहे थे ।

श्री हरिपाल सिंह शास्त्री के निधन से जनपद बिजनौर ने एक कुशल राजनीतिक एवं समाजसेवी खो दिया । हम इन सभी दिवंगत भूतपूर्व सदस्यों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं । हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे । अब हम लोग उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करेंगे ।

(दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

अब हम उठते हैं । कल 9 अगस्त, 2002 को 11.00 बजे पुनः बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 07 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया)

लखनऊ :

दिनांक 8 अगस्त, 2002

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश ।

पी०एस०यू०पी०–एल० 312 विधान सभा (541)-2003–813 (डी०टी०पी०) ।